पंचदश बिहार विधान सभा

द्वितीय सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-22

शनिवार, दिनांक-26 मार्च, 2011 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.36 बजे अपराह्न तक ।

(1) प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 02 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 06 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 40 तारांकित प्रश्न अनागत ।

(2) शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्रीमती लेशी सिंह

(ii) श्री जनक सिंह

(iii) डा० दाउद अली

(iv) श्री तारकिशोर प्रसाद

(v) श्री विजय कुमार सिन्हा

(vi) डॉ० इजहार अहमद

(vii) श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह

(इस सूचना पर माननीय प्रभारी उर्जा मंत्री द्वारा आज 5.00 बजे अप० में विस्तृत वक्तव्य दिये जाने की घोषणा की गई)

(viii) श्री अख्तरूल इस्लाम शाहिन

(ix) श्री कृष्णनन्दन पासवान

(x) श्री ज्ञानचंद मांझी

(xi) श्री रामायण मांझी

(xii) श्री जितेन्द्र कुमार राय

(xiii) श्री विनोद प्रसाद यादव

(xiv) श्री कृष्णनन्दन यादव

(xv) श्री उमाकांत यादव

(3) **अन्य चर्चाएँ :-**

माननीय सदस्य श्री श्रवण कुमार द्वारा गया में अवैध हथियार बरामदगी का मामला उठाते हुए सरकार से दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की गई ।

सरकार की ओर से माननीय प्रभारी मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा इस विषय में उचित कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया गया ।

माननीय नेता प्रतिपक्ष एवं माननीय सदस्य श्री सदानन्द सिंह द्वारा भी इस मामले में सरकार से बिना भेदभाव के कार्रवाई की मांग की गई ।

(4) **ध्यानाकर्षण सूचना :-**

(i) माननीय सदस्य श्री रामदेव महतो एवं अन्य सभासदों के मानव संसाधन विकास विभाग से संबंधित दिनांक 17 मार्च 2011 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री प्रेमरंजन पटेल एवं अन्य सभासदों के मानव संसाधन विकास विभाग से संबंधित दिनांक 18 मार्च, 2011 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(iii) माननीय सदस्य डॉ० फैयाज अहमद एवं अन्य सभासदों के ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री बृज किशोर सिंह द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(iv) माननीय सदस्य श्री सतीश चन्द्र दूबे एवं अन्य सभासदों के पर्यावरण एवं वन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा समय लिया गया ।

(भोजनावकाश के बाद)

समय 02.00 बजे अप० से 04.30 बजे अप० तक ।

(5) **गैर सरकारी संकल्प :-**

(i) 01 गैर सरकारी संकल्प स्वीकृत ।
(ii) 19 गैर सरकारी संकल्प अपृष्ट ।
(iii) 02 गैर सरकारी संकल्प अस्वीकृत ।
(iv) 01 गैर सरकारी संकल्प अमान्य ।
(v) 01 गैर सरकारी संकल्प स्थगित ।
(vi) 74 गैर सरकारी संकल्प वापस ।

गैर सरकारी संकल्प क्रमांक 87 के निस्तारण उपरांत आसन द्वारा घोषणा की गई कि सदन की सहमति से सदन के कार्य समाप्ति तक सदन की अवधि का विस्तार किया जाता है ।

(6) **सरकार का वक्तव्य :-**

माननीय सदस्य श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह के शून्यकाल की सूचना पर माननीय प्रभारी उर्जा मंत्री द्वारा राज्य में बिजली की स्थिति पर वक्तव्य दिया गया ।

(7) **निवेदन :-**

माननीय अध्यक्ष महोदय ने घोषणा की कि आज के लिए स्वीकृत कुल 28 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

तदुपरांत सभा की बैठक सोमवार, दिनांक 28 मार्च, 2011 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-26.03.2011

गिरीश झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।